# 4 मेगा इकाइयों को सब्सिडी देने की मंजूरी

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित इम्पावर्ड कमेटी की बैठक में चार मेगा इकाइयों को सब्सिडी के भुगतान की मंजूरी दी गई। लोक भवन में आयोजित बैठक में औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना नीति के तहत स्पर्श इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कानपुर देहात, आरसीसीपीएल लिमिटेड रायबरेली, श्री सीमेंट लिमिटेड बुलंदशहर, गैलेंट इस्पात लिमिटेड गोरखपुर को सब्सिडी के भुगतान की मंजूरी दी गई। बैठक में सभी मेगा इकाइयों जिसमें विस्तारीकरण और विविधीकरण करने वाली इकाइयां भी शामिल है उन्हें भी राज्य सरकार से वांछित विशेष सहायता उपलब्ध कराने के लिए विचार किया गया। बैठक में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविंद कुमार, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत महेश कुमार गुप्ता सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। ब्यूरो